# रोते लबो को बाबा हंसी मिल गई है | By Shyam Salona

तुम जो मिले ज़िन्दगी मिल गई है ...2
रोते लबो को बाबा हंसी मिल गई है
तुम जो मिले ..........

झूठे ज़माने ने बहुत रुलाया
भटक गया था मैं तेरा द्वार पाया
धड़कन बने तुम मेरी ख़ुशी मिल गई है
तुम जो मिले ..........

परिवार कैसे चलता खर्चा नहीं था
तेरी कृपा का बादल बरसा नहीं था
तेरी कृपा से झोली मेरी भर गई है
तुम जो मिले ..........

दिल के ज़ख़्म सांवरिया किसको दिखाता
सूखे गले से किसको व्यथा मैं सुनाता
तुम्हारे ही नाम से दिल की कली खिल गई है
तुम जो मिले ..........

टूटी थी नैया मेरी आपने स्मभाली
छवि है सलोनी बाबा महिमा निराली
सोनी निहारे तुमको आंख भर गई है
तुम जो मिले ..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%ac%e0%a5%8b-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a4%82%e0%a4%b8%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%97/